# तलाक क्लिनिक

**inTouch**
Multicultural Centre Against Family Violence

इनटच आपको ऑस्ट्रेलिया में तलाक के लिए आवेदन करने में सहायता दे सकता है। ऐसा करने के लिए, हम चाहते हैं कि आप क्लिनिक में आने से पहले इस जाँचसूची को पूरा करें।

## 1

- ☐ **आपको अलग हुए 12 महीने और 1 दिन से अधिक समय हो गया है**
  और
- ☐ **आपके लिए अपने पति या पत्नी के साथ सामंजस्य कर पाने की कोई संभावना नहीं रह गई है**
- ⚠ यदि आप अभी भी एक ही घर में साथ रह रहे/रही हैं, तो कृपया हमें बताएँ।

## 2

आपको तलाक क्लिनिक में इन दस्तावेजों को लाने की ***आवश्यकता*** होगी:

- ☐ **कृपया अपना विवाह-प्रमाण पत्र लाएँ, और यदि यह अंग्रेज़ी में नहीं है, तो आपको एक प्रमाणित अनुवादक से इसका अनुवाद कराने की आवश्यकता होगी।**
- ⚠ यदि आपके पास अपने विवाह प्रमाण-पत्र का अनुवाद नहीं है, तो तलाक क्लिनिक में आने से पहले कृपया हमसे बात करें।
- ⚠ यदि आपके पास विवाह प्रमाण-पत्र नहीं है, तो तलाक क्लिनिक में आने से पहले कृपया हमसे बात करें।
- ☐ **ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता प्रमाण-पत्र, ऑस्ट्रेलियाई पासपोर्ट या घरेलू मामले विभाग से वीज़ा अनुदान पत्र**
- ☐ **कोई भी पारिवारिक हिंसा हस्तक्षेप आदेश**
- ☐ **बच्चों से संबंधित कोई भी वर्तमान न्यायालयी आदेश या पालन-पोषण योजनाएँ**
- ☐ **यदि आपके विवाह को 2 वर्ष से कम समय हुआ है, तो परामर्श प्रमाण-पत्र**

## 3

- ☐ **यदि आपके पास कंप्यूटर है:**
  तलाक क्लिनिक में इसे अपने साथ लाएँ
- ☐ **यदि आपके पास कंप्यूटर नहीं है:**
  हमें बताएँ और हम आपके लिए इसकी व्यवस्था करने की कोशिश करेंगे
- ☐ **तलाक फाइलिंग फीस का भुगतान करने के लिए क्रेडिट या डेबिट कार्ड लाएँ**
  सामान्य फीस $990 है या शुल्क-घटौती के बाद फीस $330 है

**यदि आप शुल्क-घटौती के लिए आवेदन करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया निम्नलिखित दस्तावेज लाएँ:**

— स्वास्थ्य देखभाल कार्ड, पेंशनभोगी रियायत कार्ड, राष्ट्रमंडल वरिष्ठ-नागरिक स्वास्थ्य कार्ड अथवा मानव सेवाएँ विभाग या सेनानिवृत्त व्यक्तियों के मामले विभाग द्वारा जारी किया गया कोई अन्य कार्ड, जो राष्ट्रमंडल स्वास्थ्य रियायतों के लिए आपकी पात्रता को प्रमाणित करता है

**या**

— आपको युवा भत्ता, ऑस्टडी या एब्स्टडी भुगतान मिलने का प्रमाण

इनटच सामुदायिक कानूनी केंद्र

ईमेल: **legal@intouch.org.au**